**Regarding development of civic amenities in Sonia Vihar in North East Delhi Parliamentary Constituency-laid**

श्री मनोज तिवारी **(**उत्तर पूर्व दिल्ली**):** मेरे संसदीय क्षेत्र की करावल नगर विधानसभा के सोनिया विहार क्षेत्र में जन सुविधाओं का घोर अभाव होने के कारण लगभग चार लाख से अधिक आबादी नरकीय जीवन जीने को मजबूर है । इस संदर्भ में दिनांक 4 अगस्त 2022 को नियम 377 के तहत मैने सदन का ध्यान आकर्षित करवाया था, जिसके जवाब में दिल्ली सरकार द्वारा माननीय शहरी विकास मंत्रालय के माध्यम से 17 मई 2023 को एक जवाब भी मुझे प्राप्त हुआ, जिसमें ऐसी कॉलोनीयो में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 237 करोड़ 42 लख रुपए दिल्ली सरकार की एजेंसी डीएसआईआईडीसी को आवंटित किए गए थे, जिसमें सोनिया विहार का विकास कार्य भी शामिल था, लेकिन जन-सुविधाओं की स्थिति जस की तस है, और नाली, गली और सड़क नहीं बनाई गई है । मैं शहरी विकास मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं, कि पूरे मामले में हस्तक्षेप करें और सोनिया विहार के चार लाख से अधिक लोगों की जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार को आवंटित राशि का उपयोग सोनिया विहार में नागरिक सुविधा देने के लिए करने उचित निर्देश देने की कृपा करें ताकि जन सुविधाओं के घोर अभाव में आने वाली दिक्कतों को दूर करने की स्थिति सुनिश्चित हो सके ।